# POLICE COMMISSIONERATE PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 16.10.2025

## थाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट के 02 टुकड़े (आलाकत्ल) व 01 फार्चूनर गाड़ी बरामद

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-13.10.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत कनौजापुर निवासी हसनैन पुत्र परवेज आलम के घर से गुमशुदा होने की सूचना पर परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-455/2025 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 बनाम 1. मो0 जुनैद पुत्र शाहिद बाबा 2. मो0 सलमान पुत्र स्व0 मो0 रशीद निवासी ग्राम मलेथुआ सन्दलपुर थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज अभियोग पंजीकृत किया गया था । जिसमें थाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हसनैन उपरोक्त की बरामदगी हेतु आस-पास के सी0सी0टी0वी0 कैमरो को चेक करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। दिनांक-15.10.2025 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धुरवां स्थित गुलचपा नहर मे स्थानीय पुलिस को 01 अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई । इस सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर एवं थाना प्रभारी फूलपुर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । शव की पहचान मुकदमा उपरोक्त मे गुमशुदा हुए हसनैन पुत्र परवेज आलम उपरोक्त के रूप में हुई । शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज कर पोस्टमार्टम कराया गया । उक्त

घटना के सफल अनावरण हेतु थाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

## कृत कार्यवाही का विवरण-

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-455/2025 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा- 140/103(1)/61(2)क/3(5) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 04 वांछित अभियुक्त 1. मो0 सलमान पुत्र मो0 राशिद 2. मो0 जुनैद पुत्र मो0 शहीद 3. मो0 शाहिल पुत्र मो0 शहीद 4. मो0 सुहेल पुत्र मो0 शहीद निवासीगण ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज कोथाना फूलपुर व सर्विलांस/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-16.10.2025 को अभियुक्त मो0 शाहिल व मो0 सुलेह उपरोक्त को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत परासिनपुर नहर के पास तथा अभियुक्त मो0 जुनैद व मो0 सलमान उपरोक्त को थाना परिसर से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त की निशांदेही पर घटना मे प्रयुक्त ईंट के 02 टुकड़े (आलाकत्ल) व घटना मे प्रयुक्त 01 फार्चूनर गाड़ी वाहन सं0-UP66 H 5050 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के पश्चात नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। मुकदमा उपरोक्त में शाहिद उर्फ बाबा पुत्र मोहम्मद हसन ग्राम संदलपुर मालाथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज अभी वांछित है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

## पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मो0 जुनैद पुत्र मो0 शहीद उपरोक्त की बहन इमराना बेगम की शादी मृतक हसनैन के मामा मो0 मारुफ उर्फ राजू से नवम्बर 2022 को हुई थी। शादी के बाद से ही मो0 मारुफ का अपनी पत्नी इमराना के साथ परिवारिक विवाद होने लगा। इसी विवाद को लेकर इमराना वापस अपने मायके चली गयी थी। दिनांक-12.05.2025 को मो0 मारुफ अपनी पत्नी इमराना को लाने गया था जहां दोनो पक्षो

में हुए गाली-गलौज व मार-पीट कर वाद-विवाद किया गया जिसके सम्बंध में थाना फूलपुर पर पर मु0अ0सं0-265/2025 व 297/2025 क्रॉस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना का बदला लेने के लिए उपरोक्त अभियुक्तो द्वारा मो0 मारुफ के भांजे हसनैन को दिनांक-13.10.2025 की शाम में अगवा कर हत्या कर नहर में फेक दिया गया था।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. मो0 सलमान पुत्र मो0 राशिद निवासी ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।
2. मो0 जुनैद पुत्र मो0 शहीद निवासी ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष।
3. मो0 शाहिल पुत्र मो0 शहीद निवासी ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।
4. मो0 सुहेल पुत्र मो0 शहीद निवासी ग्राम सन्दलपुर मलेथुआ थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।

## सम्बंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-455/2025 धारा-137(2) भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-140/103(1)/61(2)क/3(5) भा0न्या0सं0 थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

## बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट के 02 टुकडे (आलाकत्ल)
01 फार्चूनर गाड़ी वाहन सं0-UP66 H 5050

## गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 प्रवीण कुमार गौतम, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सुखचैन तिवारी, प्रभारी सर्विलांस सेल/एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।

3. उ0नि रामानुज सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 उमेश कुमार सिंह, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. उ0नि0 भप्पी सोनी, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. उ0नि0 वरुण कान्त सिंह, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. उ0नि0 नवीन कुमार राय, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. हे0का0 रविन्द्र यादव, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. हे0का0 अनुग्रह वर्मा, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
10. हे0का0 ब्रिजेश सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
11. हे0का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
12. हे0का0 रबीश चन्द्र, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
13. हे0का0 अंगद गिरी, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
14. हे0का0 राजेश यादव, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
15. हे0का0 रामदवर सरोज, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
16. हे0का0 राशिद खान, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
17. का0 विशाल कुवर, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
18. का0 पियूष पंकज चौहान, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
19. का0 समीर प्रताप सिंह, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
20. का0 सौरभ यादव, एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
21. का0 अवनीश यादव,एस0ओ0जी0 गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
22. का0 राहुल यादव, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
23. का0 अमित मिश्रा, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
24. म0का0 प्रियंका पाल, सर्विलांस सेल गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज।
25. का0 सूरज चौहान, थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।